हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

**प्रदर्शन:** कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार के विरोध में लगाए जमकर नारे

## कांग्रेसजनों ने धरना देकर उप तहसील पटेवा का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उपतहसील पटेवा में व्याप्त प्रशासनिक स्वेच्छाचारिता व मनमानी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर उपतहसील पटेवा का घेराव कर दिया। इस दौरान कांग्रेसजनों व क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में उप तहसील में कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



तहसील कार्यालयों में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि उपतहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम आदमी, गरीब किसानों को अपना कार्य कराने के लिए चक्कर काटने पड़ते हैं। भाजपा के साय सरकार में आज तहसील से जुड़ा कोई भी काम अधिकारियों की जेब गर्म करे बिना नहीं हो रहा। उपतहसील में तमाम प्रमाण पत्रों आय जाति निवास से लेकर भूमि संबंधी कार्य होते हैं, जो बिना पैसा दिए नहीं हो रहे। अधिकारी दस्तावेजों में कमी निकाल कर फाइल दबा देते हैं, और जब तक आदमी मजबूर होकर उनकी जेब गर्म नहीं कर देता तब तक उसे परेशान करते रहते हैं।

आज जिला मुख्यालय स्थित तहसील दफ्तर भी भ्रष्टाचार स्थली बन गई है। यहां तक नौबत आ गई है कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को जिला मुख्यालय महासमुंद के तहसील दफ्तर में स्वयं लोगों के समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाना पड़ रहा है। इससे यह साफ है कि भाजपा शासन में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है। चंद्राकर ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस संजीदगी व प्रशासनिक कसावट के साथ 5 साल छग में पारदर्शिता पूर्ण व्यवस्था बनाई थी, वह व्यवस्था भाजपा सरकार के आते ही बिगड़ गई है। कांग्रेस हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है तथा उन्हें न्याय दिलाने सड़क की लड़ाई लड़ने से भी पीछे नहीं हटेगी।

धरना आंदोलन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊ लाल चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष खिलवान साहू, तुमगांव के पार्षद केके साहू, कपिल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, मीडिया प्रभारी आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर, नपा तुमगाव पार्षद गजेंद्र साहू, माणिक साहू, रमन सिंह ठाकुर, खिलावन ध्रुव, रोशन पटेल प्रेम सागर, खोरबाहरा साहू, नवदीप चंद्राकर, जगत देवदास, माया राम टंडन, रामजी ध्रुव, राम भजन नायक, भागवत यादव, लोकेश साहू, राजू ध्रुव, जनपद सदस्य हेमंत डडसेना, भागवत यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी अतुल गुप्ता, संतोष साहू, राजा गंभीर, लक्ष्मण पटेल, प्रेमलाल टंडन, कृष्ण कुमार नर्मदा, चमन ध्रुव, गंगा राम पटेल, ख़ोम सिन्हा, प्रहलाद ध्रुव, भोले राम गांधर्व सहित सैकड़ों कांग्रेसी व पटेवा क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## ट्रैक पर युवक ने किया हंगामा, चालक को रोकनी पड़ी मालगाड़ी

**महासमुंद।** शहर के तुमगांव रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग में शनिवार देर रात एक युवक रेलवे ट्रैक पर शोरगुल मचाता रहा और गाली गलौज करता रहा। इस दौरान उसने क्रासिंग में तैनात गार्ड से भी अभद्रता की। युवक कौन था इसकी पहचान तो नही हो पाई। इस दौरान रायपुर की ओर से मालगाड़ी आने के चलते क्रांसिंग बंद किया गया था। लेकिन, ट्रैक पर नशे की हालत में खड़े युवक के कारण ड्राइवर को ट्रेन तक रोकनी पड़ गई। हालांकि, ट्रेन युवक के खड़े होने के स्थान के बाद ठहरी लेकिन, ट्रेन को आता हुआ देख युवक ट्रेन की दूसरी ओर कूद गया। मामला रेलवे अफसरों और पुलिस के संज्ञान में है लेकिन, अब तक क्या कार्रवाई की गई है इस संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। मानव जीवन को खतरे में देख चालक ने ट्रेन रोक दी। लेकिन, ट्रेन का गंतव्य से पहले किसी के कारण रोका जाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। रेलवे ट्रैक पर हुई यह हरकत लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगी, जिस पर कड़ी कार्रवाई बिना इसे रोका जाना संभव नही होगा।






## खबर संक्षेप

### पटाखे का अवैध निर्माण एक गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रहवासी क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखा बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, अवैध रुप से पटाखा बनाने के आरोप में ताराचंद जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 हजार रुपए के पटाखे के साथ पटाखा बनाने के लिए इस्तेमाल विस्फोटक जब्त किया गया है। ताराचंद परसदा में अपने निवास पर चोरी-छिपे पटाखे बना रहा था।

### नौकरी का दिया झांसा युवती से पांच लाख ठगे

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवती ने अपनी सहेली तथा एक अन्य के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, चिरमिरी निवासी रचना मिश्रा ने दामोदर प्रधान तथा मनीषा वर्मा के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। रचना ने पुलिस को बताया कि भाठागांव इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास मनीषा ने उसका परिचय दामोदर से कराते हुए एम्स अस्पताल में कार्यरत होने की जानकारी दी। इसके बाद उसे एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की ठगी की है।

# बड़ी मात्रा में महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 120 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वाले पर कार्रवाई के निर्देश मिले थे। इसके चलते थाना/चौकी प्रभारियों व सायबर सेल महासमुंद की टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र मे लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर मुखबिरों को सजग कर अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले एवं मादक पदार्थ परिवहन पर नजर रखी जा रही है। इसी बीच 14 जुलाई को सूचना मिली कि ग्राम अंसुला में 2 व्यक्ति अवैध महुआ शराब की बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा उनसे पूछताछ की गई। जिस पर इन लोगों ने अपने नाम रामप्रसाद मांझी पिता सहदेव मांझी (35 साल) गोपालपुर थाना पिथौरा महासमुंद, शिव शंकर मांझी पिता बहादुर मांझी (43 साल) गोपालपुर थाना पिथौरा महासमुंद का निवासी होना बताया। आरोपियों के कब्जे से दो नीले रंग की 100 लीटर क्षमता वाली ड्रम में 55-55 लीटर एव दो सफेद प्लास्टिक झिल्ली में 5-5 लीटर भरा हुआ कुल 120 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 24000 रुपए जब्त थाना सांकरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### सरायपाली पुलिस ने भी की कार्रवाई

इसी तरह के दूसरे मामले में सरायपाली पुलिस ने जलपुर मोड़ बोडेसरा के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक बोरी में रखे डिब्बे से हाथ भट्ठी महुआ शराब रखकर जब्त किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जनकराम साव पिता दुर्योधन साव (41 साल) बोडेसरा थाना सरायपाली होना बताया। उसके कब्जे से दो प्लास्टिक डिब्बे प्रत्येक में 5-5 लीटर कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त कर थाना सरायपाली में विधिवत अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# लंबे समय के बाद सिरपुर क्षेत्र में हाथियों की धमक से फिर दहशत

## आधा दर्जन से अधिक गांवों में अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लंबे समय के बाद जिले के सिरपुर क्षेत्र में एक बार फिर हाथियों की धमक से ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। वन विभाग की टीम हाथियों पर नजर बनाए हुए है। वहीं करीब आधे दर्जन से अधिक गांवों में अलर्ट जारी करते हुए जंगल में जाने की मनाही कर दी है।

बता दें कि करीब तीन साल पूर्व हाथियों के बड़े दल से महासमुंद ब्लॉक परेशान रहा, खासकर सिरपुर का क्षेत्र। जिले में अब तक हाथियों के कुचलने से दर्जनों मौत हो चुकी है तथा हजारों का नुकसान भी हो चुका है। लेकिन लंबे समय से हाथियों के विचरण से मुक्त सिरपुर का क्षेत्र एक बार फिर हाथियों की धमक से दहशत में है। वन विभाग के अनुसार, वन मंडल महासमुंद कक्ष क्रमांक 131, 132 और 133 के वन विकास निगम के बांस प्लांट के जंगल में ओडिशा से एक छोटा हाथी एमई 2 (बबलू) और 2 दंतैल हाथी विचरण कर रहे हैं। वन विभाग के मुताबिक हाथियों की वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 132 के बांस प्लांट है।

### इन गांवों के लिए हाई अलर्ट

वन विभाग ने ग्राम अमलोर,मरौद, रायकेरा, नांदबारू, छताल, सुकुलबाय, केशलडीह, तालझर, खिरसाली, बंदोरा, अचानकपुर, फुसेराडीह के ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा है और अपील की है कि सतर्क रहें सुरक्षित रहें एक दूसरे को सचेत करें हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना दें।

### खेती हो सकती है प्रभावित

बता दें कि इन दिनों खरीफ फसल धान की बुआई जोरों पर है। ऐसे में सिरपुर क्षेत्र में हाथियों के आने से खेती-किसानी का काम प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय तक क्षेत्र में हाथियों का डेरा था जिससे हमेशा डर बना रहता था। हाथियों ने जहां कई लोगों की जान ले ली वहीं कई एकड़ खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया था। एक फिर हाथियों के आ जाने से जान-माल का नुकसान होने का डर फिर से सताने लगा है।

### कठोर कारावास की सजा

**महासमुंद।** अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को 10-10 वर्ष की कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रूपये अर्थदंड से तथा अर्थदंड की राशि नहीं पटाए जाने पर 8-6 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया गया।

# 1.60 लाख रुपए का गांजा जब्त, महिला-पुरूष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा के अवैध परिवहन के मामले में बसना पुलिस ने ओडिशा के बरगढ़ जिले के एक ही गांव में रहने वाले महिला-पुरूष को गिरफ्तार किया है। वहीं इनके कब्जे से 8 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

बसना पुलिस ने बताया कि 14 जुलाई को पदमपुर रोड सिटी ग्राउंड के पास एक महिला व पुरूष को गांजा का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम भूषण साहू पिता कीर्तिचंद्र साहू (29 साल) ग्राम जामपाली थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा, जसमीनी साहू पति चंद्र कुमार साहू (29 साल) ग्राम जामपाली थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा बताए।

### ऐसे हुई कार्रवाई

पुलिस घटनास्थल पदमपुर रोड सिटी ग्राउंड के पास बसना में पहुंचकर पेट्रोलिंग करते स्टाफ के साथ रूकी हुई थी। इसी दौरान 11.50 बजे ओडिशा पदमपुर की ओर से वाहन मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर क्र. सीजी 06 जीआर 7564 में एक व्यक्ति एक महिला को बिठाकर बसना की ओर जा रहा था। महिला एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी रखी हुई थी। मोटर सायकल का चालक पुलिस को देखकर हड़बड़ा गया और रूक कर गाड़ी को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, जिन्हें मौके पर पुलिस स्टाफ द्वारा पकड़ा गया।

इसके बाद मौके पर नारकोटिक एक्ट प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 8 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत कीमत 1,60,000 रुपए, परिवहन में प्रयुक्त बाइक सुपर कीमत 40,000 रुपए, एक नग रेडमी कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल कीमत 5000 कुल कीमत 2,05,000 रुपये को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# यथावत रखें या दो वार्डों का नए सिरे से परिसीमन करने की मांग

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के दो वार्डों के किए गए परिसीमन को अव्यहारिक बताते हुए वार्डवासियों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर यथावत रखने या जनता से सलाह लेकर नए सिरे से परिसीमन की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड नं. 07 एवं वार्ड नं. 11 के मतदाताओं को आरक्षित वार्ड गुरुघासीदास वार्ड क्र. 08 में जोड़ा गया है, जो कि पूरी तक अव्यहारिक है। इसी प्रकार वार्ड नं. 11 का कुछ मतदाताओं को वार्ड नं. 07 में जोड़ा है, अगर जोड़ना ही था तो काटना नहीं था। जनता को बिना जानकारी दिए यह कार्य किया गया है। वार्ड नं. 07 और वार्ड नं. 11 दुकान चौक जो नगर पंचायत तुमगांव का हृदय स्थल है, आरक्षित वार्ड नं. 08 में शामिल कर दिया गया है। इसमें वार्डवासियों को आपत्ति है, जिसे यथावत रखा जाए और यदि परिसीमन करना है, तो वार्ड नं. 08 के मतदाताओं को काटकर वार्ड नं. 06 में जोड़ा गया है, उसे यथावत रखकर वार्ड नं. 09 जो कि वार्ड नं 08 के सामने है उसमें जोड़ा जाए। वार्डवासियों की आपत्ति को स्वीकार नहीं किए जाने पर नगर पंचायत के सामने धरना प्रदर्शन व घेराव एवं नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान रोशन साहू पूर्व नपं तुमगांव उपाध्यक्ष, अन्नपूर्णा निर्मलकर पार्षद वार्ड नं 11, केके साहू पार्षद, धनेश्वरी साहू, चैनूराम साहू, राजेंद्र निर्मलकर, जनक नंदनी, आरती साहू, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहें।

# अमरकोट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

■ स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोजा



भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल व विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी की उपस्थिति में शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व हायर सेकेंडरी स्कूल अमरकोट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में काजू पेड़ का पौधरोपण किया गया एवं उस पौधे की देखभाल करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। इसके पश्चात कामता पटेल द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को न्योता भोज दिया गया। जिसमें खीर पूड़ी, जलेबी और मौसमी फलों जैसे पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को नशापान से दूर रहने और हमेशा पौष्टिक भोजन लेने की बात कही। बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक मांझी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के इस तरह स्कूल आते रहने से स्कूल की छोटी छोटी समस्याओं का समाधान आसानी से हो जाता है। इस अवसर पर संकुल प्रभारी नारायण भोई, संकुल समन्वयक कैलाश पटेल, प्रधानपाठक द्वय झसकेतन पटेल व उत्तरा कुमार दीवान तथा जितेंद्र पटेल, धनीराम साव, जयप्रकाश पटेल, वीणा पटेल, हेमंत दीवान, बासुदेव पटेल, श्रवण बरिहा, किरण पटेल, चैतराम पटेल, प्रेम पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र पटेल ने किया।

# शहर में कवर्ड ड्रैनेज सिस्टम की जरूरत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने रायपुर शहर में कवर्ड ड्रेनेज नेटवर्क को जरूरी बताया है। 16वें वित्त आयोग की टीम के समक्ष अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि शहर में ओपन ड्रेनेज सिस्टम होने से नालियों में गंदगी, मच्छर और बारिश के सीजन में नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर शहर की सड़कों पर बहने से खासी परेशानी उठानी पड़ती है। गत दिनों रायपुर प्रवास पर रही वित्त आयोग की टीम के समक्ष नेता प्रतिपक्ष ने बिंदुवार सुझाव दिए।

- रायपुर नगर निगम को अनटाइड एवं टाइड फंड का प्रतिशत 60 अनुपात 40 में करने संबंधी सुझाव।
- शहर में निर्मित 210 एमएलडी के एसटीपी में होने वाले दूषित जल के लिए कवर्ड सीवेज नेटवर्क स्थापित करने राशि उपलब्ध कराई जाए।
- नगर निगम रायपुर को विभिन्न विद्युत व्यवस्था संचालन के लिए प्रतिमाह करीब 8 करोड़ 10 लाख का विद्युत देयक भुगतान करना होता है, ऐसे में 25 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल की राशि में बचत की जा सकती है। सोलर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाए। इसके लिए 16वें वित्त आयोग से 100 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाए।
- अर्बन हीट आयलैंड कॉन्सेप्ट के तहत तैयार की गई परियोजना के लिए करीब 100 करोड़ की राशि की मांग।

वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और उनकी टीम ने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे द्वारा दिए गए सुझाव और आग्रह को ध्यानपूर्वक सुना और इस पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसव राजू एस., संचालक कुंदन कुमार, अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पांडे उपस्थित थे।

### सड़क चौड़ीकरण के नाम पर राजनीतिक नौटंकी कर रहे महापौर

**रायपुर।** भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने महापौर से पूछा कि जब मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल और निगम की परिषद ने तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया तो फिर अब तक सड़क निर्माण का काम प्रारंभ क्यों नहीं हुआ? शहर की जनता जानना चाहती है। सड़क चौड़ीकरण के लिए टेंडर कब हुआ? सड़क निर्माण का टेंडर किस एजेंसी को मिला? छत्तीसगढ़ शासन के लोकनिर्माण विभाग और वित्त विभाग से सड़क निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति कब प्राप्त हुई? वर्तमान में तात्यापारा से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण करने के लिए दोनों ओर से कितने मकान मालिकों-व्यवसायियों की कितनी जमीन अधिग्रहित कर उन भू-स्वामियों को कितना मुआवजा देना होगा, उसकी अंतिम सूची कहां है? इस सभी बिंदुओं पर विचार कर अंतिम निर्णय लेने के बाद ही तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति देकर उसका भूमिपूजन किया होगा तो फिर सड़क चौड़ीकरण का काम प्रारंभ हो जाना चाहिए था।

# विधायक ने बच्चों को नशे के विरुद्ध दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस व संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनओडीसी द्वारा निजात अभियान के तहत नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही प्रतिदिन लोगों, युवाओं व बच्चों के बीच जाकर नशे के दुष्परिणाम पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जिले के विभिन्न एनजीओ व लगभग 1200 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच नशे विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि नशा किस प्रकार परिवार और समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने बताया कि कैसे किसी परिवार में बच्चे की स्कूल की फीस के लिए पैसे नहीं होते, लेकिन नशे के लिए कहीं से भी व्यक्ति पैसों का इंतजाम कर लेता है और ऐसा परिवार धीरे धीरे विघटित हो जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने जीवन में नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलाया।

# मुख्यमंत्री ने कहा- सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जीवन रक्षक दवाओं का करें पर्याप्त भण्डारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ मलेरिया, डायरिया, जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लगाएं स्वास्थ्य शिविर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा, प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में मलेरिया, डायरिया, जलजनित बीमारी सहित मौसमी बीमारियों की जानकारी मिलने पर त्वरित रूप से स्वास्थ्य अमला शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार सुनिश्चित करे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मलेरिया, डायरिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गत दिवस कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी, झलमला और तरेगांव जंगल, सोनवाही का भ्रमण कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने ग्राम सोनवाही पहुंचकर ग्रामीणों सहित डायरिया पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की और राज्य शासन से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उप मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि वनांचल सहित मैदानी क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, डायरिया, उल्टी-दस्त और जलजनित बीमारियों का संक्रमण न हो, इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

### चलाएं जागरूकता अभियान : शर्मा



डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कलेक्टर को वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और मलेरिया, डायरिया सहित मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने सुदूर वनांचल क्षेत्र चिल्फी, झलमला और तरेगांव जंगल के शासकीय अस्पताल में सोनोग्रॉफी मशीन डीएमएफ मद से शीघ्र क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनांचल के सभी गांवों में स्वास्थ्य शिविर, जलस्त्रोतो का क्लोरिनेशन कराने के निर्देश दिए।

# गुजराती स्कूल के स्काउट गाइड्स ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन में विगत दिनों पूरे प्रदेशभर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डूंडा में पौधारोपण किया गया। साथ ही संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ भी ली गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड्स ने पौधे रोपे। गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला देवेंद्र नगर के 3 स्काउट और 11 गाइड विद्यार्थियों ने शाला प्राचार्य अनीस मेमन के मार्गदर्शन और शाला की स्काउट-गाइड प्रभारी आरती राजपूत के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में शामिल होकर एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाया।

**ये उपस्थित रहे :** जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने कहा कि रायपुर जिले के प्रत्येक स्कूल में स्काउट-गाइड के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम पूरे विद्यालय स्तर पर वृहद रूप से किए जाएंगे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश कुमार द्विवेदी आईआरएस सीनियर डिवीजन मैनेजर रेलवे रायपुर, अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड्स छग आदि उपस्थित थे।

# मतदाताओं का अभिनंदन कर रही भाजपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने मतदाता अभिनंदन कार्यक्रमों का रविवार को आगाज किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में शिरकत की। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं, नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, आपके क्षेत्र का बेटा मुख्यमंत्री है और जनहित के जो भी कार्य हैं, किए जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश में अब सभी विकास कार्य सांय-सांय होंगे। मुख्यमंत्री ने दुलदुला में व्यवस्थित सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा की। उन्होंने दुलदुला में बस स्टैंड, मिनी इंडोर स्टेडियम, हायर सेकंडरी स्कूल के भवन और दुर्गा पंडाल के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने सोकोड़ीपा में यादव समाज के भवन में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, शारदा धाम के लिए जमीन, एंबुलेंस और शव वाहन की घोषणा की।

### सांसद-विधायकों ने किया अभिनंदन

*रायगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा, आपके आशीर्वाद से सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नही, पूरे देश में हमारी सरकार बनी है। खुशी की बात है कि आप सभी के स्वागत, अभिनंदन का मौका मिला है। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत, परिश्रम से हम आगे के सभी चुनावों में भी जीत हासिल करेंगे। सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं का अभिनंदन है।*

### भाटापारा में अभिनंदन समारोह

*भाटापारा विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन गोदड़ीधाम रेलवे अंडरब्रिज के पास किया गया। केंद्र में फिर से सरकार बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियां, संकल्प पत्र, विकसित भारत के विषय एवं प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित विकास कार्यों की जानकारी दी गई।*

# नेशनल लोक अदालत में 8 लाख से ज्यादा मामलों का निराकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर के न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में 13 जुलाई को आयोजित किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु गठित कुल 605 खंडपीठों द्वारा प्रेषित अंतिम आंकड़ों में 7 लाख 66 हजार 639 प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 65 हजार 139 लंबित मामलों को मिलाकर कुल 8 लाख 31 हजार 848 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 230 करोड़ 9 लाख 55 हजार 219 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी 23 जिलों एवं सत्र न्यायालयों से वर्चुअल मोड के माध्यम जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया और सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों व अन्य खंडपीठ के पीठासीन अधिकारियों से संवाद व चर्चा की गई और लोक अदालत की प्रगति का जायजा लिया गया।

### सुलझा पति-पत्नी का विवाद, एकसाथ रहने को तैयार

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन करते हुए प्रोत्साहित करें। वर्चुअल मोड में निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधिपति ने जिला न्यायालय रायगढ़ के एक प्रकरण में जहां एक उम्रदराज पति-पत्नी के मध्य घरेलू हिंसा का विवाद था और वे अलग अलग रह रहे थे और लोक अदालत के दौरान उनका समझौता हुआ तथा वे एक साथ रहने के लिये तैयार हो गए।

## खबर संक्षेप

### जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन करने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि ईश्वर सिंह हरदव पिता आनंद राम (65 साल) हाल मुकाम तुरेंगा ने 18 फरवरी को जहर सेवन कर लिया था, जिसे इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सांप के काटने से बच्चे की मौत

**महासमंद।** सरायपाली में सांप के काटने से एक 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मयंक चौहान पिता भानुप्रताप (6 साल) निवासी ग्राम पोटापारा को रविवार को सांप ने काट लिया। जिसे शासकीय अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** ग्राम ढांक में एक युवक ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पटेवा पुलिस ने बताया कि पवन यादव पिता कुंजी यादव (25 साल) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### सफाई के दौरान ट्रक चालक की करंट से मौत

**महासमुंद।** बिरकोनी में बोरवेल ट्रक की सफाई के दौरान ट्रक चालक 33-केवी वायर के संपर्क आ गया, जिससे करंट से उनकी मौत हो गई। मृतक तमिलनाडु निवासी है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। इससे पहले भी तुमगांव में एक बच्ची की मौत करंट से हो चुकी है। पुलिस के अनुसार ग्राम सेंकरी तमिलनाडु निवासी राजवैल द्रविड़ (42) अपने अपने दो साथी गुड्डू ठाकुर और रोहित ठाकुर के साथ बोरवेल वाहन ट्रक क्रमांक केए 01 एमवी 6599 के केबिन की खिड़की में कांच लगाने बोरवेल वाहन को लेकर ओम बॉडी वर्कशाप महाराजा ढाबा के बाजू बिरकोनी आया था। जहां ओम बॉडी वर्कशाप के मिस्त्री दोपहर भोजन करने चले गए थे। उनके आने का इंतजार करते वाहन चालक-ड्रिलर बोरवेल मशीन की मास्क में ग्रीसिंग करने के लिए मास्क को उठाया। इसी दौरान वाहन के ऊपर से गुजरी 33 केवी बिजली तार से संपर्क में आ गए जिसमें राजवैल करंट के झटके से बेहोश हो गया। आसपास के लोग उपचार के लिए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बुनियादी सुविधाएं, भुंइया पोर्टल में सुधार की मांग पर अड़ा पटवारी संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पटवारियों के हड़ताल जारी रहने से राजस्व पखवाड़ा एवं विभाग में कामकाज में गतिरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, शासन द्वारा किसी प्रकार की सकारात्मक पहल भी नहीं की जा रही। प्रमुख मांग भुईंया साफ्टवेयर में विसंगतियां दूर करने के संबंध में राजस्व सचिव से चर्चा भी विफल रही। इसे शासन स्तर का मामला बताते हुए सचिव ने इस पर असमर्थता जता दी। इससे राजस्व पखवाड़ा शिविर का कार्य 8 वां दिन भी ठप रहा। जिले में मूलभूत सुविधाओं के अलावा कंप्यूटर, लैपटाप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट आदि उपलब्ध नहीं कराने तथा भुइंया पोर्टल में तकनीकी खामियों को दूर करने 32 बिंदुओं की मांग को लेकर पटवारी बीते 8 दिनों से हड़ताल पर है। इसके कारण राजस्व का दैनिक काम काज ठप पड़ गया है। हड़ताल से सबसे ज्यादा राजस्व पखवाड़ा शिविर में देखने को मिल रहा है। राजस्व प्रकरणों के निपटारे के राजस्व पखवाड़ा 6 से 30 जुलाई तक लगाने का शेड्यूल तय किया गया। शुरुआत के एक दो दिन गांवों में शिविर लगे पर उसके बाद पहले पटवारी फिर तहसीलदारों के हड़ताल पर चले जाने से अनेक गांवों में शिविर नहीं लग पाए। ऐसे में राजस्व प्रकरणों को निपटाने के लिए शुरू किया गया राजस्व पखवाड़ा फ्लाप शो ही साबित हो रहा है।



**फौती नामांतरण के प्रकरण पर असर**

पटवारियों की हड़ताल से फौती नामांतरण के मामले लगातार लंबित हो रहे हैं। दूसरी तरफ वर्तमान में कृषि के समय में किसानों को खाद और ऋण लेने में भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। किसानों का रिकार्ड पटवारियों की आईडी के जरिए दुरुस्त होना है। इसके चलते किसान न ऋण ले पाएंगे, न ही उनका कोई बीमा हो पाएगा। आय और जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाने से छात्रों की समस्याएं भी बढ़ गई हैं।



**विधायक से की मुलाकात**

पटवारी कार्यालय के पास सोमवार को दिन भर धरना देने के बाद पटवारियों द्वारा महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही विधायक से शासन स्तर पर उचित पहल करने की मांग की गई। इसके अलावा धरना स्थल पहुंचकर पार्षद महेंद्र जैन ने उनकी समस्याओं को जाना और शासन तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन दिया गया।

### ऑनलाइन कार्य अपने संसाधनों से

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि वे ऑनलाइन कार्य अपने संसाधनों से कर रहे हैं। ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाया गया, जिसके चलते कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर और नेट समेत सभी संसाधन खुद जुटाना पड़ा है। जो कि पटवारियों पर अतिरिक्त व्यय भार है। आनलाइन नक्शा बटांकन, संशोधन पहले पटवारी आइडी में संशोधित कर राजस्व निरीक्षक की आइडी में भेजा जाता है।

## मुलाकात: केंद्रीय मंत्री को राशि ने महासमुंद आगमन के लिए किया आमंत्रित

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नपाध्यक्ष राशि को बायपास निर्माण प्रकिया प्रारंभ कराने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी से मिली नपाध्यक्ष राशि, बायपास निर्माण के सभी पहलुओं पर की चर्चा**

बायपास निर्माण के मुद्दे पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र प्रेषित कर मांगों से अवगत कराने के पश्चात केंद्रीय मंत्री के कार्यालय से बुलावे पर नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में मुलाक़ात कर बायपास निर्माण पर चर्चा की। श्रीमती महिलांग से आज तक के बायपास निर्माण के पूर्व में विभाग द्वारा निर्माण सबंधी क्रियाकलापों के सबंध में उनसे जानकारी ली।



नपाध्यक्ष ने बताया कि शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित व ज़रूरी मांग है, जिसकी शहर की नितांत आवश्यकता है। बायपास निर्माण के अभाव में महासमुंद शहर में अनेक नागरिक सड़क हादसों का शिकार हो चुके है। बीते वर्ष नगर के मुख्य चौराहे पर एक दंपति को जान भी गंवानी पड़ी थी। शहर में बढ़ते यातायात के दबाव के चलते आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। श्रीमती महिलांग ने हादसों को लेकर प्रकाशित खबरों की छायाप्रति मंत्री गडकरी को सौंपा।

नपाध्यक्ष महिलांग ने मंत्री गडकरी से चर्चा के दौरान बताया कि अनेक बार शहर सीमा से लगे गांवों से मार्ग निर्माण के लिए विभिन्न एजेंसी सर्वे कर चुकी है। सर्वे का विभागीय डीपीआर बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने दिल्ली कार्यालय प्रेषित किया जा चुका था। परंतु, तकनीकी कारणों व समय सीमा के चलते व बजट आबंटन के अभाव में यह प्रस्ताव निरस्त किया जा चुका है। गडकरी को नपाध्यक्ष ने शहर आगमन के लिए आमंत्रित किया, जिस पर उन्होंनें सहमति जताई। केंद्रीय मंत्री ने चर्चा में बायपास निर्माण के लिए विभागीय प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। महिलांग के साथ युवा नेता अरिश अनवर व नपा अध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा मौजूद रहे।

# 15 लाख से अधिक का गांजा जब्त, महिला समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना पुलिस ने एक लग्जरी कार से गांजा की तस्करी करते एक महिला पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 15 लाख से अधिक का गांजा सहित नकद,दो नग मोबाइल और गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया है। आरोपी ओडिशा से मध्यप्रदेश गांजा ले जा रहे थे। जानकारी के अनुसार बसना पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को देखकर बसना की ओर से आ रही कार ग्रैंड विटारा क्र. 23 बी एच 9019 सी के चालक ने वाहन को तेज चलाते हुए सामने से जा रहे ट्रक को पीछे से ठोकर मार दिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो दो ट्राली बैग एवं चार प्लास्टिक बोरी में सीलबंद 147 पैकेट गांजा मिला। वाहन चालक सोरो, बोरो, बालासोर ओडिशा निवासी बाटाकृष्ण सतपथी (48) बगल में बैठी मुड़वा जुड़वाखेड़ा नरयावली सागर म.प्र निवासी अर्चना अहिरवार (23 ) ने बताया कि गांजा ओडिशा से खरीदकर मध्य प्रदेश बिक्री करने ले जा रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 151.10 किलो गांजा कीमती 15 लाख 10 हजार रुपये, वाहन ग्रैंड विटारा कार क्र, 23- बीएच-9019-सी कीमती 14 लाख रुपए, नकदी 20 हजार, 2 नग मोबाइल कीमती 15 हजार रुपए कुल 29 लाख 45 हजार रुपये जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध 20 बी नारकोटिक्स एक्ट/,281 बी एन एस के तहत कार्रवाई की गई।



### सतनामी मुक्ति केंद्र की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र पंजीयन क्रमांक 17678 के पदाधिकारियों की बैठक बीएन ढीढी नगर सतनाम भवन महासमुंद में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार ढीढी मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर समाज हित में अनेक फैसले लिए गए। बैठक में दादा नकुल देव ढीढी की पुण्यतिथि 16 अगस्त को तुमगांव चौक में स्थित दादा नकुल देव ढीढी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम करने एवं प्रत्येक गांवों में पुण्यतिथि मनाकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प पारित किया गया। ढीढी की 110वीं जयंती कार्यक्रम 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांग पत्र के सम्बंध में शीघ्र मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुलाकात कर मांग को शीघ्र पूरा कराने प्रयास किया जाएगा। बलौदाबाजार में 10 जून को हुई घटना के संबंध में समाज ने निंदा की है। समाज हित में समाज के विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों को एक मंच में लाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल हुए। जिसमें बिरेंद्र कुमार ढीढी प्रदेश अध्यक्ष छग सतनामी मुक्ति केंद्र, प्रकाश टंडन प्रदेश सचिव, सत्यानंद जेंड्रे, नानाजी बाघमारे, अश्विनी टोंडरे, हंशाराम सोनवानी, खोशिल श्याम लाल मन्नाडे, नरेंद्र ढीढी, भागचंद चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# मानसून की सक्रियता जिले में कम, हल्की बारिश ही हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानसून की सक्रियता जिले में अब तक बन नहीं पाई है। इसके कारण अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में रविवार शाम से रूक रूक बारिश जरूर हो रहीं। सोमवार को भी सुबह बादल छाए रहें और बारिश भी हुई। लेकिन, दोपहर को सूरज की तेज किरणों से लोग उमस से हलाकान रहें। फिर आसमान में बादल छा गए। लेकिन, शाम तक बारिश नहीं हुई।

जिले में पहले जून से अब तक 203.8 मिमी. बारिश हुई है। जो औसत बारिश से 36 फीसदी कम है। वहीं अब तक खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। बीते 24 घंटे में कुछ बदलाव जरूर देखा जा रहा है। बारिश को लेकर बने नए सिस्टम का असर सभी हिस्सों में एक सा बना हुआ है। हालांकि बारिश थमने के बाद आसमान साफ हो रहे हैं, इससे तापमान के साथ उमस भी बढ़ रही है। तापमान में बड़ी गिरावट की स्थिति फिलहाल नहीं बनी है। तेज बारिश का इंतजार है। इधर मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक प्रदेश में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। कुछ स्थान पर भारी बारिश हो सकती है। लंबे समय से जिले में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई थी, जिससे किसान भी परेशान चल रहे थे, लेकिन दो दिनों से बने सिस्टम ने आंशिक राहत के संकेत दिए है।



### बुआई के कार्य में आ रही तेजी

बारिश का सबसे अधिक असर महासमुंद, सरायपाली और बागबाहरा के हिस्से में दिखा है। रविवार शाम को बागबाहरा में 19 मिमी बारिश हुई, जो इस सीजन का सबसे ज्यादा है। किसानों को इसी तरह की बारिश की जरूरत थी, जिससे जल का ठहराव खेतों में भी हुआ है। इससे खरीफ फसल के लिए धान की बोनी ने भी रफ्तार पकड़ी है। यह फसल के लिए उपयोगी होगा।

### 18 जुलाई तक बना रहेगा सिस्टम

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि खाड़ी में बने चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण और एक अन्य द्रोणिका के असर से बारिश का मजबूत सिस्टम बना है। यह 17 से 18 जुलाई तक बना रहेगा। कुछ स्थानों पर भारी बारिश के आसार है। शनिवार देर शाम से कई हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज हुई है। यह इस सीजन में अब तक की सबसे अधिक बारिश है। इससे सूखे पड़े खेतों को भी संजीवनी मिली है।



# प्रेस क्लब के रत्नेश बने अध्यक्ष आशुतोष निर्वाचित हुए उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

2024-26 के प्रेस क्लब पदाधिकारियों का चुनाव स्थानीय प्रेस क्लब में रविवार को हुआ।

- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



मतदान प्रक्रिया से निर्वाचन में रत्नेश सोनी अध्यक्ष, रविंद्र विदानी महामंत्री, आशुतोष शर्मा उपाध्यक्ष एवं संजय महंती कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं संगठन एवं प्रचार मंत्री व सहमंत्री क्रमशः महेंद्र यादव व अमित हिशीकर निर्विरोध निर्वाचित हुए।

चुनाव अधिकारी शकील लोहानी एवं सहायक विपिन दुबे के मार्गदर्शन में निर्धारित समयानुसार मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सीधे मुकाबले में अध्यक्ष पद के लिए रत्नेश सोनी को 21 मत व आनंद राम को 14 मत मिले व 2 मत अमान्य हुए। रत्नेश सोनी 7 मतों के अंतर से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर आशुतोष शर्मा को 28 मत व प्रभात महंती को नौ मत मिले। आशुतोष उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं महामंत्री पद के लिए कड़े मुकाबले में रविंद्र विदानी को 19 व संजय यादव को 18 मत व कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय महंती को 29 व सोहेल अकरम को 6 वोट मिले। एकल नामांकन से सहमंत्री अमित हिषीकर व संगठन एवं प्रचार मंत्री महेंद्र यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रत्नेश सोनी ने प्रबंधकारिणी सदस्यों की घोषणा करते हुए जसवंत पवार, देवीचंद राठी, प्रज्ञा चौहान, जितेंद्र सतपथी व आशीष साहू को सदस्य मनोनीत किया। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव के बाद पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।

# खेल अकादमी के लिए बाल आश्रम व खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर भोरिंग से 5 का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीरंदाजी में जिले के बाल आश्रम बिहाझर में नियमित अभ्यास कर रहे खिलाड़ी अपना नाम रोशन कर रहे हैं। एक बार फिर महासमुंद जिले के बिहाझर बाल आश्रम में अभ्यासरत 2 तीरदांजी खिलाड़ियों का चयन खेल अकादमी रायपुर की आवासीय योजना सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु किया गया है। जिसमें जिले के बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में अभ्यासरत खिलाड़ी गणेशू पिता घासीराम मिर्धा, कोशो राम साहू पिता मनाराम साहू का तथा खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर भोरिंग के 3 खिलाड़ियों का बेहतर खेल कौशल परीक्षण के बाद चयन हुआ है। जिसमें देविका साहू पिता टीकम साहू, लक्ष्मी साहू पिता छन्नू लाल साहू, दिलेश्वर साहू पिता चंद्रहास साहू का चयन हुआ है।



चयनित खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा संचालित खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में नियमित अभ्यास करते आ रहे हैं। राज्य चयन ट्रायल में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बॉल आश्रम के चयनित तीरंदाजी खिलाड़ियों को अंजोर फाउंडेशन की तरफ से स्पोर्ट्स टी-शर्ट प्रदान किया जाएगा।

# जिले में अब तक 203.8 मिलीमीटर औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सर्वाधिक वर्षा महासमुंद तहसील में 280 .0 मिलीमीटर

जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 203.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 280.0 मिलीमीटर, बसना में 243.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 215.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 185.0 मिलीमीटर, पिथौरा में 178.7 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 119.9 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 15 जुलाई को 5.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बागबाहरा तहसील में 19.0 मिलीमीटर, महासमुंद में 4.4 मिलीमीटर, सरायपाली में 4.0 मिलीमीटर, बसना में 3.2 मिलीमीटर, कोमाखान में 1.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 0.9 मिलीमीटर पिथौरा तहसील में दर्ज की गई।

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं सरकारी स्कूल, बच्चों के भविष्य को लेकर पालकों में चिंता

## अधिकांश स्कूल एकल शिक्षकीय, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल विषयवार शिक्षकों की कमी

**नर्रा।** महासमुंद जिले के बागबाहरा विखं के अंतर्गत संकुल केंद्र नर्रा और परसुली में शिक्षा सत्र 2024-25 शुरू होते ही स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते छात्र-छात्राओं की पढ़ाई लिखाई प्रभावित होना स्वभाविक है। ऐसे में बच्चों के भविष्य को लेकर पालकों में चिंता बढ़ गई है। एक तरफ शासन प्रशासन बेहतर शिक्षा देने का दावा कर रहे है। वहीं दूसरी तरफ स्कूलों में शिक्षक की कमी से जूझ रहे हैं। संकुल केंद्र नर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में नवमीं से बारहवीं तक संचालित है। बच्चों की कुल दर्ज संख्या करीब 450 बच्चे अध्ययनरत है। जहां मात्र 7 लेक्चर कार्यरत है। विषयवार पढ़ाने के लिए और 8 शिक्षक की अवश्यकता है। अभी भी शिक्षक की कमी से जूझ रहे है। इसी तरह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा में बच्चों की दर्ज संख्या 190 है। कक्षा छठवी से आठवीं तक संचालित है। मात्र 4 शिक्षक कार्यरत है। इसी तरह शासकीय कन्या एवं बालक प्राथमिक शाला नर्रा में 50+50 बच्चे दर्ज है। दोनों मिलाकर 4 शिक्षक कार्यरत है। मिडिल स्कूल राटापाली में कुल दर्ज संख्या 52 बच्चे अध्ययनरत है। इन बच्चों के लिए सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे स्कूल संचालित है। इसी तरह शा प्राथमिक शाला बहेराभांठा में पहली से लेकर पांचवी तक कक्षा संचालित है। बच्चों की दर्ज संख्या 27 है। वहां मात्र 1 शिक्षक कार्यरत है। इस तरह शा प्रा शाला झलमला में 40 बच्चे है। इसके लिए मात्र 1 शिक्षक कार्यरत है। प्राथमिक शाला झिटकी में 80 बच्चे अध्ययनरत है। मात्र 1 शिक्षिका के भरोसे संचालित चल रही है। इस तरह प्राथमिक शाला कोकड़ी में लगभग 60 बच्चे अध्ययनरत है। वहां 1 शिक्षक कार्यरत है। प्राशा मुड़पार में दर्ज संख्या 50 है, वहां 3 शिक्षक पदस्थ है। प्राशाला नक्टापार में दर्ज 26 बच्चे अध्ययन है। मिडिल स्कूल बिंद्रावन में 105 बच्चे के लिए 3 शिक्षक कार्यरत है। प्रायमरी स्कूल बिंद्रावन में कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक दर्ज संख्या 90 बच्चे है। वहां 3 शिक्षक पदस्थ है। इसी तरह संकुल केंद्र परसुली के अंतर्गत बूढ़ादेव हाईस्कूल परसुली में कुल दर्ज संख्या 295 है। इन बच्चों के लिए 6 शिक्षक कार्यरत है। यहां भी विषयवार पढ़ाई के लिए कम से कम 6 शिक्षक की दरकार है। इस तरह मिडिल स्कूल परसुली में 115 बच्चे दर्ज है। इन बच्चों के लिए 3 शिक्षक कार्यरत है। प्राइमरी स्कूल परसुली में 64 बच्चे दर्ज है। जबकि, 2 शिक्षक में से एक को व्यवस्था में चुरकी भेजा गया। प्रायमरी स्कूल परकोम में कुल 85 बच्चे दर्ज है। पहली से पांचवी तक संचालित है। इन पांच क्लास के लिए मात्र 2 शिक्षक के भरोसे स्कूल संचालित है। इसी तरह प्रा शाला पंडरीपानी में कुल 72 बच्चे दर्ज है। यहां भी 1 शिक्षिका के भरोसे में चल रही है। इस तरह प्रा शाला कारागुला में 47 बच्चे दर्ज है। इनके लिए 2 शिक्षक कार्यरत है। प्राशा बनियातोरा में 30 बच्चे है, यहां 2 शिक्षक कार्यरत है। प्रा शाला सेनभांठा में 24 बच्चे अध्ययनरत है, यहां 1 शिक्षक पदस्थ है। इस तरह प्राशा खट्टी में कक्षा पहली से पांचवी तक संचालित है। कुल बच्चे 105 दर्ज है। यहां भी 1 शिक्षक के भरोसे चल रही है। प्राशा अमनपुरी में 24 बच्चे अध्ययनरत है। उड़िया पारा में 12 बच्चे अध्ययनरत है, वहां 2 + 2 शिक्षक पदस्थ है। वहीं मिडिल स्कूल परकोम में 47 बच्चे अध्ययनरत है। इनके लिए 3 शिक्षक कार्यरत है। मिडिल स्कूल पंडरीपानी में छठवीं से आठवीं तक संचालित कुल 160 बच्चे दर्ज है, इनके लिए 4 शिक्षक कार्यरत है। इसी तरह मिडिल स्कूल खट्टी में कुल 84 बच्चे दर्ज है, यहां भी 1 ही शिक्षक के भरोसे में यानी शिक्षाविहीन हो गई है।

## खबर संक्षेप

### पिथौरा में लगा मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। इसमें 20 मरीजों को डाइग्नोसिस किया गया। साथ ही टोबेको यूजर्स को भी फ्री मेडिसिन के साथ साथ कोसोशल काउंसिलिंग किया गया। सभी मरीजों को नियमित एक्सरसाइज करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया, डॉ चित्रेश ड़ड़सेना नोडल पिथौरा, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, गौतम यादव आदि का सहयोग रहा।

### बम्हनी में गंगा आरती समिति की बैठक कल

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित बम्हनी के बम्हनेश्वर नाथ महादेव प्रांगण में 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे गंगा आरती व बोल बम समिति की बैठक रखी गई है। जिसमें सावन माह में होने वाले गंगा आरती के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। समिति के खिलावन यादव, भुवन साहू, रामेश्वर पांडेय, दिनेश यादव ने सभी सदस्यों व श्रद्धालुओं से बैठक में उपस्थिति की अपील की है। 22 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। यहां प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा से श्रावण पूर्णिमा तक श्वेतगंगा कुंड में गंगा आरती किया जा रहा है।

### गाड़ी को धीरे चलाने कहा तो युवक से मारपीट

**महासमुंद।** तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामला ग्राम भोरिंग का है। रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम भोरिंग का पराग पिता हेमधर आवड़े 15 जुलाई की सुबह गांव के लीवाल्डन के साथ मोटरसायकल से खेत की ओर जा रहा था। कुकराडीह एवं तेंदूवाही रोड में पहुंचे थे कि गांव के नंदकुमार ढीढी के रिश्तेदार हरीश नवरंगे अपने छोटा हाथी वाहन को तेज रफ्तार से चलाता हुआ ला रहा था, जिसे मना करने पर आरोपी वाद विवाद एवं गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने बताया कि इसी बात को समझाने के लिए प्रार्थी गांव के नंदकुमार के घर के पास गया और नंदकुमार से कहा कि अपने रिश्तेदार हरीश नवरंगे को गाड़ी कम स्पीड में चलाने के लिए कहे। इसी दौरान वहां पर खड़े आरोपी हरीश नवरंगे ने प्रार्थी पराग के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडे से सिर में मार दिया। बीच बचाव करने आए देवप्रकाश आवडे के साथ भी मारपीट किया। आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## जनचौपाल : कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की मांग एवं समस्याएं

# पीएम आवास व वृद्धा पेंशन की मांग अवैध कब्जा हटाने की भी फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में आवेदकों की समस्याओं का निराकरण के दिए निर्देश

कलेक्ट्रेट में आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 34 आवेदकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। जन चौपाल में प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर ग्राम जामजुड़ा के धनमेत साहू एवं पुराना रावण भाठा महासमुंद की देववती देवांगन ने कलेक्टर के हाथों आवेदन सौंपा। इसी प्रकार वृद्धा पेंशन का लाभ दिलवाने हेतु ग्राम कन्हारपुरी की राधा बाई यादव, नयापारा महासमुंद के पूरन बघेल एवं ग्राभ जेराभरन के अरखित साहू ने अपने आवेदन सौंपे। इसके अलावा ग्राम बिहाझर के कोमल साहू ने पीएम मुद्रा लोन स्वीकृत कराने आवेदन दिया। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, अवैध कब्जा हटाने, स्वस्थ भारत मिशन के तहत शौचालय राशि दिलाने आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया।




# 97926 हितग्राहियों को किया जा रहा है छह प्रकार की पेंशन से लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण और उनका नियमानुसार क्रियान्वयन के लिए सजग है। समाज कल्याण की विभिन्न विभागीय योजानाओं के तहत जिले में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं में 97 हजार 926 हितग्राहियों को छह प्रकार की पेंशनों से लाभान्वित किया जा रहा है। समाज़ कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन में 60-79 वर्ष आयु वर्ग के 30172 एवं 80 वर्ष के आयु वर्ग के 3998 इस प्रकार 34170 वृद्धावस्था व्यक्तियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। वहीं इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना के तहत 9932 विधवा महिलाओं को जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक और 59 वर्ष से कम है पेंशन धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रतिमाह उपलब्ध कराई जा रही है।

इंदिरा गांधी निःशक्तजन (दिव्यांग) पेंशन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 987 लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 24 हजार 874, सुखद सहारा योजना के तहत 9216 लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत 18747 पात्र हितग्राहियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। ऐसे व्यक्तियों जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु, निराश्रित वृद्ध या 50 वर्ष या उससे अधिक आयु की निराश्रित विधवा परित्यक्त महिलाओं को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में निःशक्त व्यक्तियों की पहचान से लेकर उनके सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास के लिए भी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के दीर्घकालीन अनुभवों तथा उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के प्रति भी अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (एक अक्टूबर) को सम्मानित किया जाता है।

## शहीद स्मारक में रोपे गए नारियल के 20 पौधे



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में पौधरोपण कार्यक्रम पूर्व सैनिक संगठन द्वारा रखा गया। जिसमें सैनिक परिवार और शहीद स्मारक के सदस्यों द्वारा 20 नग नारियल पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर युवराज सिंह चंद्राकर के पुत्र, नंदकिशोर सिन्हा की पुत्री, देवदत्त चंद्राकर के पुत्र, प्रदीप कुमार चंद्राकर (नेवी), निरंजना चंद्राकर, अनिता सिन्हा के पुत्र, चमन लाल चंद्राकर के पुत्री और प्रदीप कुमार चंद्राकर (आर्मी) के पुत्री इन सदस्यों के बच्चों के नाम से एक पौधा माँ के नाम के तहत 20 नग नारियल पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का संचालन सरला सोनी ने किया।



### नयापारा और सुभाष नगर में पुलिस सहायता केंद्र खोलने की मांग

**महासमुंद।** नगर में बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू ने सिटी कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर नयापारा क्षेत्र के बंद पुलिस सहायता केंद्र को पुनः खोलने तथा सुभाष नगर क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र खोलने की मांग की। कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन देते हुए निखिलकांत ने उन्हें अवगत कराया कि शहर के विभिन्न वार्डों में आए दिन चोरी, चाकूबाजी, मारपीट जैसे घटनाएं हो रही है। असामाजिक तत्वों के कारण माताओं बहनों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है, नशे के चलते गुंडा बदमाश किस्म के लोग शहर के शांत फिज़ा को बिगाड़ रहे हैं। अतः शीघ्र ही नयापारा व सुभाष नगर इलाके में पुलिस सहायता केंद्र की आवश्यकता है। जिसे पुलिस प्रशासन संज्ञान लें। इस अवसर पर शाहबाज़ राजवानी, रत्नेश साहू, कान्हा प्रधान, बिट्टू साहू,आशीष सिक्का उपस्थित थे

# सहकारी समितियों में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं प्रधानमंत्री भारत सरकार के आह्वान पर द्वारिका नाथ क्रांत उपायुक्त सहकारी संस्थाएं जिला महासमुंद ने विभिन्न समितियों में पहुंचकर पौधे रोपे गए। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा में बरगद, पीपल, समिति पटपरपाली में नीम बरगद, सहकारी समिति सम्भर में नीम पीपल पौधे रोप कर सुरक्षा के इंतजाम किए। समितियों में पौधरोपण के पश्चात उपायुक्त सहकारी संस्थाओं ने पीपल एवं बरगद जैसे वृक्षों को देव तुल्य बताया। उन्होंने सभी समितियों के रिक्त जगहों मे पौधरोपण करने की अपील की। इस दौरान महासमुंद सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तेंदूकोना के सुपरवाइजर सेवकराम चंद्राकर, पटपरपाली समिति प्रबंधक गुमान साहू, देवरी समिति प्रबंधक भेखलाल यादव, बकमा समिति प्रबंधक राजेंद्र साहू, सम्हर समिति प्रबंधक कोमल दीवान, प्रेमलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, नंदनी सिन्हा, मिथुन यादव समेत कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# पौधों को परिवार के सदस्यों में शामिल कर उनकी देखभाल के लिए बनाएं रिश्ता

## शहर के अभ्यास स्कूल में पौधे रोपित कर बच्चों को बताई गई उनकी वृक्षों की वानस्पतिक उपयोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेड़-पौधे हमारी जिंदगी में अहम योगदान रखते हैं। वे हमें आक्सीजन के साथ अनेक जीवनोपयोगी संसाधन उपलब्ध कराते हैं। उनकी रक्षा हमारे प्रथम कर्तव्यों में होना चाहिए। उक्त बातें अभ्यास प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कही। पौधों की देखभाल के लिए बच्चों और उनकी माताओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि जब तक हम पौधों को परिवार के सदस्यों में शामिल नहीं करेंगे, उनसे अपनापन नहीं जुड़ेगा, और अपनेपन के अभाव में उनकी देखभाल सही नहीं होती, इसलिए आवश्यक है कि परिवार के सदस्यों में शामिल पौधों के साथ हम रिश्ता बनाएं और उनकी परवरिश का पूरा जिम्मा लें। अभ्यास प्राथमिक शाला में पौधे रोपित करते हुए स्कूल के शिक्षकों ने मौके पर मौजूद बच्चों और उनकी माताओं को वृक्षों की वानस्पतिक उपयोगिता से अवगत कराया। शिक्षकों ने बताया कि पौधे हर दृष्टिकोण से हमारे जीवन में उपयोगी हैं। ममता डड़सेना ने बताया कि अधिकांश पौधों के फल हमारे शरीर को पोषक तत्व प्रदान करते हैं। खेमिन साहू ने बताया कि अनेक प्रकार रोगों में पौधों की पत्तियां और छाल उपयोगी होते हैं। कल्याणी फेकर ने पौधों की उपस्थिति से वातावरण में होने वाले सकरात्मक बदलाव पर जानकारी दी। जायसी वर्मा ने कहा कि पौधों से हमें ईंधन की प्राप्ती होती है और सरिता साहू ने कहा कि पेड़-पौधों की प्रचूर उपलब्धता से पर्याप्त बारिश की संभावना पूरी होती है। स्कूल परिसर में स्थानाभाव के कारण कुछेक गमलों में भी पौधे रोपित कर उनके संरक्षण और संवर्धन का दायित्व बच्चों ने लिया है। बच्चों की माताओं को बताया कि जिस प्रकार हम अपनी संतानों की देखरेख करते हैं, ठीक उसी प्रकार पौधों की देखरेख करेंगे तो हमारे आसपास का वातावरण खुशनुमा होगा। कार्यक्रम में बच्चों को पौधों के जड़, तना, पत्तियां, फूल और फल की जानकारी दी गई। मौके पर बच्चों ने भी संकल्प लिया कि जहां आवश्यक स्थान मिलेगा वहां वे पौधरोपण कर उन्हें बड़ा करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।



# आस्था ने बिखेरी पावस पर काव्य की छटा

## आस्था साहित्य समिति की हुई पावस काव्य गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आस्था साहित्य समिति द्वारा पावस ऋतु पर काव्य गोष्ठी का आयोजन साहित्यकार एस. चंद्रसेन के निवास स्थान त्रिमूर्ति कालोनी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि बेरुखे बादल इसलिये जरुरी है, तुम्हारा लौट आना आओ खुद संवाद करो, उमड़, घुमडक़र बरस कर पतंगे, झींगुरों और जुगुनओं संग मल्हार गाकर। पावस काव्य गोष्ठी में सभी का अभिनंदन करते हुए एस चंद्रसेन ने पंक्तियां बिखेरी-लो बज गई रणभेरी पावस की अब उमड़, घुमड़ कर नम घन में।

साहित्यकार डॉ. साधना कसार ने कहा कि जिंदगी हुई जब तार तार सावन में अब फीकी लगे फुहार। वर्तमान समय में किताबों की महत्ता प्रतिपादित करते हुए सरिता तिवारी ने पंक्तियां समर्पित करते हुए कहा कि नहीं मिलता जब सवालों के सही उत्तर तब हाथों में किताबें थाम लेती हूं, सही उत्तर मांग लेती हूं। छत्तीसगढ़ी में काव्य को उचाईयां देते हुए सुरेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि बेंगवा टर्रावत नइहे, झिंगुरा नरियावत नई हे, बितत हे सरी असाढ़ गा। कमलेश पाण्डेय ने कहा कि वो वर्षा के काले बादल उमड़, घुमड़ कर आते हैं। अपने अनूठे अंदाज में काव्य गोष्ठी का संचालन करते हुए टेकराम सेन चमक ने कविताओं की चमक बिखेरी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से शिक्षाविद एवं साहित्यप्रेमी केआर चंद्राकर ने कहा कि आस्था साहित्य समिति अपने साहित्य सेवा से साहित्य प्रेमियों के हृदय में स्थान बनाया है। उन्होंने निरंतर साहित्य साधना के लिए संस्था को बधाई दी।



### विधायक की शिकायत पर विभाग ने लिया संज्ञान, सड़कों पर गड्ढे भरने का कार्य शुरू

**सरायपाली।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद की कड़ी फटकार के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी हरकत में आए और सागरपाली में गड्ढों में तब्दील हो चुके सड़क को पाटने का काम शुरू कर दिया है। विधायक के शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी के द्वारा गड्ढों को भरने का काम कल शाम से ही शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि विधायक चातुरी नंद ने सागरपाली में अत्यंत ही जर्जर हो चुके सड़क का मरम्मत करने का निर्देश दिया था। विधायक नंद की इस पहल के लिए सागरपाली के सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना अग्रवाल, चिंतामणि विशाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता घासिया सिदार, सरायपाली युवा कांग्रेस नेता अरमान हुसैन, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष भीष्मदेव पटेल, फारम पटेल, गिरवर वारे, जयंत यादव समेत ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में संडे क्लासेस की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आत्मानंद विद्यालय में छुट्टी के दिनों में स्कूली बच्चों को पढ़ाई व कम्प्यूटर आदि सीखने के बजाय मोबाइल व गेम्स में अपना समय बर्बाद करते देखे गए हैं, इससे उन बच्चों का बौद्धिक व व्यवहारिक ज्ञान लगभग शून्य हो जाता है। बच्चों को मोबाइल व मोबाइल गेम्स से दूरी बनाए जाने के लिए एक अभिनव पहल की शुरुआत जरूरी थी। जिसका उद्देश्य बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है। इसके लिए अब प्रत्येक रविवार को स्कूली बच्चों को स्पेशल क्लास के तहत क्लास लगाए जाने का विचार आया। उन्होंने अपने शिक्षकों के समक्ष विचार रखा। प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि बहुत ही कम लोगों को जानकारी में है कि हमारे भारत देश के महाराष्ट्र राज्य के ग्राम वाबलेवाड़ी में एक सरकारी स्कूल जो कि जिला परिषद के अंतर्गत आता है व विश्व के तीसरे स्थान पर सपने को प्रतिस्थापित किया हुआ है। इस विद्यालय के बच्चों की मानसिक दक्षता एवं उनकी निपुणता विश्व स्तर पर रैंक करती है। इसी तर्ज पर एक अनोखी पहल की है। सरायपाली क्षेत्र के विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं शैक्षणिक योग्यता विश्व स्तर पर परचम लहरा सकें। इस हेतु यहां के शिक्षकों ने बड़ी जिम्मेदारी ली है और विश्व स्तर पर अपने क्षेत्र और अपने विद्यार्थियों को स्थापित करने के लिए एक प्रयास शुरू किया है, जिसका नाम दिया गया है संडे क्लासेस। इस प्रयास को पूरे स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों एवं विशेष कर बच्चों के लिए हमेशा समय दान देने व शिक्षा दान देने के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षक वीरेंद्र कर करनापाली का विशेष सहयोग रहा है। बच्चों का उत्साह देखकर अभी इस प्रयास में उनका साथ मिला है। आने वाले दिनों में यदि इस प्रकार के सक्रिय शिक्षकों एवं बच्चों को हम जोड़ पाए तो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हम एक अच्छा कार्य कर सकेंगे। बच्चों को आगे लाने के लिए शासन प्रशासन यदि सहयोग करती है तो निश्चित रूप से हमारा पालिका क्षेत्र आने वाले दिनों में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करने जा रही है और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा। प्राचार्य मनोज पटेल ने कहा कि विद्यार्थी डॉक्टर और इंजीनियर ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक बनना चाहते हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं करनापाली के शिक्षक अपने मिशन में लग गए हैं। आत्मानंद विद्यालय में आज संडे क्लासेस की शुरुआत की गई। इस कक्ष को मोटिवेट करने के लिए मनोज पटेल एवं करना पाली स्कूल के एक्टिव शिक्षक वीरेंद्र करने बच्चों को मोटिवेट किया। संडे क्लासेस की शुरुआत एक बड़े उद्देश्य को लेकर किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य है कि हमारे बच्चे सिर्फ वैज्ञानिक डॉक्टर एवं इंजीनियर क्लर्क ना बनकर वैज्ञानिक बनना चाहते हैं।

## निधन



### श्रीमती बाई चंद्राकर

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा निवासी श्रीमती बाई चंद्राकर (82) का निधन हो गया। वे नारायण चंद्राकर की पत्नी एवं भारतीय जीवन बीमा के कार्यरत सुरेश चंद्राकर की मां व प्रतीक चंद्राकर की दादी थीं। अंतिम संस्कार ग्राम बेमचा के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संविधान हत्या दिवस घोषित होने पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा-

# इंदिरा ने नियमों को ताक में रख संविधान में बदलाव किया, तब क्यों खामोश रहे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संविधान हत्या दिवस की घोषणा को मीसाबंदियों ने न्याय संगत निर्णय करार दिया है। मीसाबंदियों का कहना है कि संविधान में बदलाव के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही के हर उन हथकंडों को अमल में लाया, जो उनके स्वहित की रक्षा में आड़े आ रहा था। संविधान हत्या दिवस घोषित होने के अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने सराईपाली निवासी मीसाबंदी जगदीश उपवेजा का सम्मान किया। मौके पर उपवेजा से आपातकाल के संस्करण सुन पूर्व सांसद ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि आखिर किस मुंह से उनके नेता संविधान रक्षा की बात कर रहे हैं। संविधान की हत्या तो 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर और 18 दिसंबर 1976 को नियमों को ताक में रखकर संविधान की प्रस्तावना में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द जोड़ कर दिया था।



महासमुंद के मीसाबंदी जनसंघ के डॉ रमेश, मणिलाल चंद्राकर, अमृत साहू, मोहन चोपड़ा, जोगेंदर टाइगर, जगदीश उपवेजा, समाजवादी पार्टी के पुरुषोत्तम लाल कौशिक के योगदान उल्लेख करते हुए श्री साहू कहते हैं कि आपातकाल के समय एकमात्र न्यूज चैनल दूरदर्शन था, जिस इंदिरा ने पूरा कंट्रोल कर रखा था। अखबारों का प्रकाशन बिजली पानी की सप्लाई रोक दिए जाने के कारण बंद था, ऐसे में सूचना छत्तीसगढ़ तक 26 जून 1975 को उस समय पहुंची, जब महासमुंद के गांधी चौक में विशाल जनसभा को समाजवादी नेता मधु लिमिए संबोधित कर रहे थे। सभा के दौरान लिमिए के साथ बागबाहरा के डॉ रमेश गिरफ्तार हुए। इसके पहले आरंग लेवी आंदोलन के चलते छत्तीसगढ़ के प्रथम मीसाबंदी जीवनलाल साव पहले की गिरफ्तार हो चुके थे। साहू का कहना है कि उपरोक्त मीसाबंदियों के राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान के पलों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान हत्या दिवस की घोषणा कर कांग्रेस के तानाशाह रवैए को राष्ट्र के समक्ष रखा है। साहू का कहना है कि संविधान हत्या दिवस वास्तव में मीसाबंदियों का सही सम्मान है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969